अमर उजाला

बरेली

शुक्रवार, 19 जून 2020

Page No-1, Left Middle

एकेटीयू ने 2 लाख छात्रों को प्रमोट करने का भेजा प्रस्ताव

कोरोना का असर : शासन करेगा अंतिम फैसला

लखनऊ (अक्षय कुमार)। कोरोना संक्रमण के बढ़ते केस व पैदा हुए हालात को देखते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) ने शासन को अपने करीब 2 लाख छात्रों को प्रमोट करने का प्रस्ताव भेजा है। इसमें विद्यार्थियों को प्रमोट करने के कुछ फॉर्मूले भी सुझाये गए हैं। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय शासन ही करेगा। यूपी में विवि से संबद्ध 750 कॉलेजों में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फॉर्मेसी व आर्किटेक्चर के करीब 2.25 लाख छात्र हैं।

यूजीसी व एआईसीटीई ने स्थानीय स्तर पर कोरोना के हालात को देखते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्रों को प्रमोट करने की सहमति दी थी। इस क्रम में एकेटीयू पहले फाइनल ईयर के छात्रों की परीक्षा की कवायद कर रहा था। हाल के दिनों में कोरोना के केस बढ़ने व विवि से संबद्ध कई बड़े संस्थानों के क्वारंटीन या आइसोलेशन सेंटर बनने से परीक्षा केंद्र बनाने में दिक्कत आ रही थी। इसे देखते हुए ही विवि ने प्रमोट करने का प्रस्ताव भेजा है। हालांकि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि प्रमोट करने का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन हम परीक्षा के लिए भी तैयार हैं। सब कुछ शासन के निर्णय पर निर्भर करेगा। >> संबंधित 8 पर

एक फॉर्मूला 70-30 का: एकेटीयू के प्रस्ताव में एक फॉर्मूला 70-30 का भी है। इसके अनुसार पिछले सेमेस्टर में प्राप्त नंबर का औसत 70 नंबर के आधार पर निकाला जाएगा। वहीं, 30 नंबर सेशनल के होंगे। इसमें कॉलेज से प्राप्त नंबर पूरे के पूरे दिए जाएंगे। दोनों को जोड़कर उसका सीजीपीए या ग्रेड तैयार किया जाएगा।